उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा–206130

Uttar Pradesh University of Medical Sciences, Saifai, Etawah-206130

Tel.: (05688) 276569, Website: www.upums.ac.in, E.Mail- dean-medical@upums.ac.in

पत्रांकः5223 / यूपीयूएमएस / छात्रप्रकोष्ठ(2886 / 302) / 2024–25 दिनांकः24 मार्च, 2025

कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एम0बी0बी0एस0 बैच–2021 के छात्र / छात्राओं की लेक्चर एवं क्लीनिकल पोस्टिंग के दौरान अनुपस्थिति के विषय में विभागाध्यक्ष आप्थलमोलाजी के पत्र संख्या 74 दिनांक 04.03.2025 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई है।

जिससे स्पष्ट हो रहा है कि एम0बी0बी0एस0 बैच–2021 के छात्र / छात्राएं अध्ययन में रूचि नहीं ले रहे हैं तथा कक्षाओं में अनुपस्थित रहने को अपने आचरण में शामिल कर लिया गया है। गत वर्ष एम0बी0बी0एस0 बैच–2021 के छात्र / छात्राओं की स्वैच्छिक अनुपस्थिति के कारण उनकी उपस्थिति एन0एम0सी0 के मानकों से कम थी, जिसके कारण उनकी द्वितीय व्यावसायिक परीक्षाएं निर्धारित एकेडमिक कैलेन्डर के अनुसार सम्पन्न नहीं हो पायी थीं। उक्त की वजह से उनकी एम0बी0बी0एस0 अन्तिम व्यावसायिक पार्ट–1 परीक्षाएं भी विलम्ब से सम्पन्न हो रही हैं। इसके बावजूद भी छात्र / छात्राएं नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित नहीं हो रहे हैं, जिसके कारण उनकी उपस्थिति वर्तमान में भी निर्धारित मानकों से कम है।

एम0बी0बी0एस0 बैच–2021 के ऐसे छात्र / छात्राएं जिनकी उपस्थिति एन0एम0सी0 द्वारा निर्धारित मानकों से कम होगी, वह एम0बी0बी0एस0 अन्तिम व्यावसायिक पार्ट–1 परीक्षा अप्रैल, 2025 हेतु पात्र नहीं होंगे। उक्त परीक्षा हेतु जितने छात्र / छात्राएं पात्र होंगे, उनके लिए परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी तथा शेष अपात्र छात्र / छात्राएं नियमानुसार परीक्षा से वंचित रह जायेंगे। वर्तमान में ई0एन0टी0 एवं आप्थलमोलाजी विषय की परीक्षाएं अन्तिम व्यावसायिक पार्ट–1 परीक्षा के सम्पन्न न होकर आगामी वर्ष में सम्पन्न होने वाली अन्तिम व्यावसायिक पार्ट–2 के साथ सम्पन्न होगी। यदि ई0एन0टी0 एवं आप्थलमोलाजी विषय में वर्तमान में उपस्थिति मानकों के अनुरूप नहीं होगी, तो छात्र / छात्राएं आगामी वर्ष में सम्पन्न होने वाली अन्तिम व्यावसायिक पार्ट–2 परीक्षा हेतु भी पात्र नहीं होंगे, जिसके लिए सम्बन्धित छात्र / छात्राएं जिम्मेदार होंगे।

अतः एम0बी0बी0एस0 बैच–2021 के छात्र / छात्राओं को आदेशित किया जाता है कि वह निर्धारित टीचिंग शेड्यूल के अनुसार नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए, उपस्थिति के सम्बन्ध में एन0एम0सी0 मानकों को पूर्ण करें, ताकि उनकी परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समय से सम्पन्न हो सकें।

(डा0 आदेश कुमार)
संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय

प्रतिलिपि–

1. विभागाध्यक्ष, ई0एन0टी0 व आप्थलमोलाजी को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त के विषय में विभागीय स्तर पर छात्र / छात्राओं को निर्देशित करें तथा छात्र / छात्राओं को उनकी उपस्थिति / अनुपस्थिति से अवगत करायें। साथ ही निर्धारित मानकों से कम उपस्थिति वाले छात्र / छात्राओं के अभिभावकों को ईमेल / पत्र के माध्यम से भी सूचित करें।
2. विभागाध्यक्ष, कम्यूनिटी मेडिसिन एवं फारेन्सिक मेडिसिन।
3. प्रभारी अधिकारी वेबसाईट उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर छात्र / छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के अवलोकनार्थ अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. एम0बी0बी0एस0 बैच–2021 के छात्र / छात्राओं के अभिभावकों को ईमेल के माध्यम से सूचनार्थ प्रेषित।
5. प्रमुख निजी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
6. एम0बी0बी0एस0 बैच–2021 के समस्त छात्र / छात्राओं को अनुपालनार्थ।

(डा0 आदेश कुमार)
संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय